# जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर (राज.)

## कार्यालय समन्वयक, बीएसटीसी (सामान्य)/ बीएसटीसी (संस्कृत) प्रवेश पूर्व परीक्षा – 2014

**website: bstc2014.org ; www.bstc2014.com Phone No. 0291-2652653, 2635598 (FAX)**

## अधिसूचना संख्या – 01/2014 दिनांक 10.03.2014

राजस्थान राज्य में संचालित विभिन्न शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में बीएसटीसी (सामान्य)/ बीएसटीसी (संस्कृत) प्रवेश पूर्व परीक्षा, 2014 (Pre B.S.T.C. (D.El.Ed.) Examination पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु राज्य सरकार एवं राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के नियमानुसार पात्र अभ्यर्थियों से ऑन लाईन आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। जिसका कार्यक्रम, आवेदन प्रक्रिया, पात्रता मापदण्ड इत्यादि निम्नानुसार है :

| क्र.सं. | विवरण | महत्वपूर्ण तिथियाँ |
|---|---|---|
| 1 | ऑन–लाईन आवेदन–पत्रों की उपलब्धता | सोमवार 10 मार्च, 2014 से |
| 2 | परीक्षा शुल्क की अन्तिम तिथि | सोमवार 31 मार्च, 2014 तक |
| 3 | ऑन–लाईन आवेदन–पत्र भरने की अन्तिम तिथि | मंगलवार 01 अप्रेल, 2014 तक |
| 4 | प्रवेश परीक्षा | रविवार 04 मई, 2014 दोपहर 02.00 से 05.00 बजे |

**(अ) शैक्षणिक योग्यताएँ :**

1. राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् के मापदण्डानुसार शिक्षक प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रवेश हेतु **सीनियर सैकण्ड्री परीक्षा** (10+2) अथवा समकक्ष में न्यूनतम अंक प्रतिशत विभिन्न वर्गों के लिए निम्नानुसार होंगे :

| शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम | सामान्य | अनु.जाति/ जन.जाति | ओबीसी | विकलांग | विधवा, तलाकशुदा एवं परित्यक्ता महिलायें |
|---|---|---|---|---|---|
| बी.एस.टी.सी. (सामान्य)/ बी.एस.टी.सी. (संस्कृत)–2014 (D.El.Ed.) | 50% | 45% | 45% | 45% | 45% |

- **वांछित न्यूनतम प्राप्तांक प्रतिशत गणना में एक अंक भी कम स्वीकार्य नहीं होगा** एवं ऐसा होना आवेदक की अभ्यर्थिता को निरस्त करने का पर्याप्त कारण होगा।

2. उपरोक्त नम्बर 1 के क्रम में यदि आवेदक, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान के अलावा किसी अन्य बोर्ड से आयोजित सैकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण की हो तो इन परीक्षाओं को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर द्वारा समकक्षता की मान्यता प्राप्त होने पर ही वह प्रवेश हेतु पात्र होगा (अभ्यर्थी को समकक्षता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा)।

3. माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर से पुरानी प्रणाली के अन्तर्गत हॉयर सैकण्डरी उत्तीर्ण आवेदक को भी अन्य शर्तें पूर्ण करने पर प्रवेश हेतु योग्य माना जावेगा।

4. जो आवेदक वर्ष 2014 में सीनियर सैकेण्डरी परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं वे भी आवेदन करने हेतु पात्र होंगे, परंतु उन्हें कॉउन्सलिंग के समय तक पात्रता की सभी शर्तों को पूर्ण करना अनिवार्य होगा। यह कि सीनियर सैकण्डरी का परीक्षा परिणाम निर्धारित काउंसलिंग की दिनांक तक नहीं दिये जाने पर अथवा निर्धारित अंक प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अभ्यर्थी को काउंसलिंग में शामिल नहीं किया जावेगा।

**(ब) आयु** : आवेदक की आयु 1 जुलाई 2014 को 28 वर्ष से अधिक नहीं हो। विधवा, तलाकशुदा एवं परित्यक्ता महिलाओं तथा राजकीय शिक्षकों के लिए आयु सीमा में कोई बन्धन नहीं है। अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/विशेष पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिए राजकीय सेवा नियमों के अनुरूप आयु सीमा में छूट देय होगी।

**(स) शारीरिक अयोग्यता** : ऐसे आवेदक जिनमें शारीरिक दोष हो, जो उसके द्वारा सम्पादित किये जाने वाले अध्यापन कार्य में बाधा डाले, जैसे गूंगा होना, बोलने में असमर्थ होना, पूर्ण रूप से बहरा होना, दोनों हाथो का नहीं होना, जिससे श्यामपट्ट कार्य नहीं कर सके, दोनों पैरों का नहीं होना जिससे कक्षा में खड़ा नहीं हो सके आदि, इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के पात्र नहीं है, अतः ऐसे आवेदक आवेदन नहीं करे। उपरोक्त के अतिरिक्त नेत्रांध व अन्य विकलांग प्रवेश के पात्र होगें।

राजस्थान निःशक्तजन व्यक्तियों के नियोजन नियम 2000 के अनुसार मेडिकल बोर्ड द्वारा प्रदत निःशक्तता का प्रमाण पत्र जो 40 प्रतिशत या इनसे अधिक निःशक्तता का होने पर ही आवेदक निःशक्तजन हेतु आरक्षित पदों हेतु पात्र माना जायेगा।

- **आरक्षणः प्रवेश के लिए आरक्षण राज्य सरकार के नियमानुसार होगा।**
- विस्तृत दिशा–निर्देश एवं अन्य सूचनाएँ वेब–साईट पर उपलब्ध हैं, आवेदक आवेदन करने से पूर्व उनका गहन अध्ययन करें।

**ऑन–लाईन आवेदन–पत्र भरने की प्रक्रियाः** ऑन लाईन आवेदन–पत्र, भरने की प्रक्रिया एवं विस्तृत दिशा निर्देश वेबसाईट **www.bstc2014.com एवं www.bstc2014.org** पर उपलब्ध होंगे।

<u>आवेदन प्रक्रिया</u> : आवेदन On-line Application Form में लिये जाएगें, जिन्हें राज्य के निर्धारित ई–मित्र कियोस्क या जन सुविधा केन्द्र (C.S.C.) के माध्यम से भरा जा सकता है। इस हेतु अभ्यर्थी द्वारा रूपये 30/– (रूपये 20/– आवेदन–पत्र भरने हेतु और रूपये 10/– परीक्षा शुल्क जमा कराने हेतु) की राशि सेवा प्रदाता को सेवा शुल्क के रूप में देनी होगी। आवेदक यदि स्वंय स्तर पर ऑनलाईन आवेदन पत्र भरना चाहता है, तो वह ई–मित्र कियोस्क या जन सुविधा केन्द्र पर केवल परीक्षा शुल्क जमा कराकर बी.एस.टी.सी. की वेबसाइट **www.bstc2014.com या www.bstc2014.org** से स्वयं आवेदन भर सकता है। इस स्थिति में उसे वहाँ परीक्षा शुल्क जमा कराने हेतु मात्र रूपये 10/– ही सेवा शुल्क देना होगा।

ऑन–लाइन आवेदन–पत्र को भरने के लिये अनुदेश व प्रपत्र उक्त वेब–साइट पर उपलब्ध है। कियोस्क द्वारा आवेदन भरवाने पर आवेदक को रूपये 20/– की रसीद पृथक से कटवानी होगी। **हाथ से भरे गए आवेदन–पत्र किसी भी रूप में इस कार्यालय द्वारा स्वीकार नहीं किए जाएंगे।**

**ऑन लाईन आवेदन–पत्रों की प्रिन्ट प्रति :** अभ्यर्थी डॉउनलॉड किये गये आवेदन पत्र व घोषणा पत्र की हार्ड कॉपी एवं आवश्यक प्रमाण–पत्रों की सत्यापित फोटो प्रति अपने पास सुरक्षित संभाल कर रखें जिसे काउंसलिंग के समय निर्देशानुसार जमा करवाना आवश्यक होगा।

**आवेदन परीक्षा शुल्क :**

बी.एस.टी.सी. (सामान्य) अथवा (संस्कृत) (किसी एक पाठ्यक्रम हेतु) : 350 रुपये
बी.एस.टी.सी. (सामान्य) तथा बी.एस.टी.सी. (संस्कृत) दोनों पाठ्यक्रम हेतु : 450 रुपये

आवेदक उपरोक्तानुसार परीक्षा शुल्क राशि राज्य के निर्धारित ई–मित्र कियोस्क या जन सुविधा केन्द्र के माध्यम से ऊपर अंकित शुल्क जमा करने की निर्धारित अन्तिम तिथि तक करेंगे। आवेदन पत्र भरने का निर्धारित शुल्क एवं परीक्षा शुल्क की राशि ई–मित्र किस्योक या जन सुविधा केन्द्र द्वारा केवल नकद राशि में स्वीकार की जावेगी। परीक्षा शुल्क जमा कराते समय अभ्यर्थी अपना नाम, पिता का नाम, वर्ग, जन्म तिथि एवं पाठ्यक्रम (एक या दोनों) भरेगा। शुल्क जमा कराने के उपरान्त कम्प्यूटर द्वारा निकाली गई पर्ची जिसमें उक्त सूचनाओं के साथ टोकन नं. जारी किया जावेगा, वह एक रसीद का कार्य करेगा। साथ ही साथ यह टोकन नं. ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय अंकित (Enter) करना अनिवार्य होगा। टोंकन नं. अंकित (Enter) किये बिना ऑनलाइन आवेदन पत्र प्रदर्शित नही होगा।

जो अभ्यर्थी बीएसटीसी–2013 अल्पभाषाई संस्थान से अल्प भाषा में प्रवेश के इच्छुक हो वे ऑनलाईन आवेदन करते समय अपने विषय के विकल्प का चयन करें।

**नोटः** अधिकृत ई–मित्र किस्योक या जन सुविधा केन्द के अलावा जमा शुल्क, आवेदन–पत्र संग्रहण केन्द्र पर रोकड या अन्य माध्यम से जमा शुल्क स्वीकार्य नहीं है। इसी प्रकार बी.एस.टी.सी. कार्यालय को सीधे भेजे जाने वाली आवेदन–पत्र की प्रिन्ट प्रति भी स्वीकार्य नहीं होंगी। परीक्षा केन्द्र, महाविद्यालय आवंटन की सूचना तथा महाविद्यालय में रिर्पोटिंग की सूचना अभ्यर्थी के दिये गये मोबाईल नम्बर पर दी जायेगी। इसलिए अभ्यर्थी से अपेक्षा की जाती है कि आवेदन–पत्र में निर्धारित स्थान पर मोबाईल नम्बर सही सही अंकित करे तथा महाविद्यालय में प्रवेश तक मोबाईल नम्बर परिवर्तित नहीं करें।

**कार्यालय समय** : कार्य दिवस पर : सांय 5.00 बजे से रात्रि 9.30 बजे एवं अवकाश (रविवार/घोषित अवकाश) के दिन प्रातः 11.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक।

**समन्वयक, बीएसटीसी–2014**